# संस्कृति संचालनालय, म.प्र. शासन

1-शिवाजी नगर, रेडक्रास अस्पताल के पीछे, भोपाल-462016/फोन : 0755-2770598

## //निःशक्तजन हेतु चिन्हांकित पदों की पूर्ति //

म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के पत्र क्र.- एफ 7-19/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 31.05.2024 के प्रावधान एवं मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भोपाल के परिपत्र क्र. 691/1857412/2024/26-1, दिनांक 13.05.2024 के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों के लिये प्रदेश में संचालित शासकीय संगीत महाविद्यालय में सहायक व्याख्याता पद की पूर्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये नीचे दर्शाये गये विहित संलग्न प्रारूप में पूर्ण आवेदन **18 जुलाई, 2024, कार्यालयीन समय 06:00 सायंकाल** तक प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन **संचालक, कार्यालय संस्कृति संचालनालय, 1-शिवाजी नगर ( रेडक्रास अस्पताल के पीछे ), भोपाल म.प्र.** के नाम से संबोधित कर प्रस्तुत करें। डाक में हुये किसी विलम्ब के लिए संचालनालय उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पद का विवरण, वेतनमान, निर्धारित शैक्षणिक अर्हता निम्नलिखित है:-

| स. क्र. | पदनाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजन के लिए आरक्षित श्रेणी | रिक्त पद संख्या | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक व्याख्याता (गायन) | तृतीय | (32800-103600) | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेबल पल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | 01 | राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर/इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से एम.ए./एम.पी.ए/एम.म्यूज (संबंधित विषय)। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.ए.(संबंधित विषय) तथा संगीत विद्/विशारद/प्रभाकर/संगीत कला रत्न उत्तीर्ण। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक (किसी विषय में) तथा संगीत कोविद्/कला रत्न उपाधि (संबंधित विषय में)। |

1. आवेदन का प्रारूप एवं पदपूर्ति की प्रक्रिया के संबंध में अन्य आवश्यक शर्ते संचालनालय की वेबसाइट www.culturemp.in पर अवलोकित एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
2. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र दिनांक 31.05.2024 अनुसार प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची बनाई जाकर, पात्र आवेदकों को वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु संचालनालय में आमंत्रित किया जाएगा, जिसकी सूची एवं इंटरव्यू की तिथि एवं समय संचालनालय की बेवसाइट www.culturemp.in पर अपलोड एवं आवेदक के पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जावेगी।
3. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार जिला-भोपाल रहेगा।

संचालक, संस्कृति संचालनालय

# सहायक व्याख्याता (गायन) के लोकोमीटर डिसेबिलिटी हेतु चिन्हांकित

## : पद पूर्ति की शर्तें :

1— मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र दिनांक 31.05.2024 अनुसार प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची बनाई जाकर, पात्र आवेदकों को वॉक—इन—इंटरव्यू हेतु संचालनालय में आमंत्रित किया जाएगा, जिसकी सूची एवं इंटरव्यू की तिथि एवं समय संचालनालय की बेवसाइट www.culturemp.in पर अपलोड किया जावेगा। साथ ही उपरोक्तानुसार आवेदक के पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जावेगी।

2— आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

3— आवदेक को मध्यप्रदेश में स्थित अधीनस्थ किसी भी शासकीय संगीत महाविद्यालय में पदस्थ किया जा सकेगा।

4— समस्त प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

5— मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, के परिपत्र क्र. सी 3—8 / 2016 / 1 / 3 दिनांक 04.07.2019 के अनुसार आवेदक की आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष, होना चाहिये।

6— आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

7— शासकीय विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

8— साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण—पत्रों की मूल प्रतियाँ दिखाना अनिवार्य होगा।

9— निःशक्तता का निर्धारित "डिजीटल प्रमाण—पत्र" संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

10— जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान हैं उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

11— मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान का 70% द्वितीय वर्ष 80% तृतीय वर्ष 90% राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी।

12— नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार संचालक, संस्कृति संचालनालय, भोपाल के पास सुरक्षित होंगे।

13— आवेदन का प्रारूप संचालनालय की वेबसाइट www.culturemp.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

14 — अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**नोटः—** भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 05.05.2021 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार दिनांक 01.06.2021 से समस्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ यू.डी.आई.डी. पोर्टल नामतः http://www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से नियमानुसार जारी किये गये डिजीटल प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।

**संचालक, संस्कृति संचालनालय म.प्र., भोपाल**

# <u>आवेदन पत्र</u>

प्रति

संचालक
संस्कृति संचालनालय
1–शिवाजी नगर (रेडक्रॉस अस्पताल के पीछे)
भोपाल– पिन– 462016

| नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

## आवेदित पद का नाम : सहायक व्याख्याता (गायन)

## (लोकोमीटर डिसेबिलिटी के आवेदकों हेतु चिन्हांकित पद)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का पूरा नाम | |
| 2 | पिता का नाम | |
| 3 | माता का नाम | |
| 4 | डाक का वर्तमान पूरा स्पष्ट पता (पिन कोड सहित) | |
| 5 | स्थाई पता | |
| 6 | जन्म तिथि (10+2 के प्रमाण–पत्र के आधार पर) | |
| 7 | जाति | |
| 8 | मध्यप्रदेश के मूल निवासी हैं। (प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |
| 9 | दिव्यांगता का प्रकार (डिजीटल प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | आवेदक का मोबाईल नं. | |
| 11 | आवेदक की ई–मेल आई.डी. | |
| 12 | यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण–पत्र के अनुसार विवाह का दिनांक | |
| 13 | जीवित बच्चों का विवरण (आयु एवं लिंग) | |

निरन्तर .... 02

| | | |
|---|---|---|
| 14 | दिनांक 28 जून 2024 को आयु | आयु : वर्ष ........ माह ....... दिन ....... |
| 15 | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक | पंजीयन क्रमांक :<br>पंजीयन दिनांक : |
| 16 | रोजगार कार्यालय का नाम एवं जिला | |

**17. शैक्षणिक योग्यता** :

(संगीत/ललित कला शिक्षा से संबंधित वांछित योग्यता की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जावे)

| **स. क्र.** | **परीक्षा का नाम** | **संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम** | **विषय** | **प्राप्तांक** | **श्रेणी** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(उक्त उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता/अर्हता के संबंध में मार्कशीट/उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।)

**18. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव :**

| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

19. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत/संलग्न की जाना अनिवार्य है।

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा नाम**

सहपत्र :– प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।

निरन्तर ....03

## **घोषणा पत्र**

मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैंने विज्ञापन की सभी शर्तें भली–भांती पढ़ एवं समझ लिया है। उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है, वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त माना जावेगा।

दिनांक :—

स्थान :—

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा नाम**